No. of Printed Pages : 4

एफ.एच.डी.-2

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2018

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क

*निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 – 300 शब्दों में दीजिए :*

1. सम्प्रेषण के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए । *10*

2. उच्चरित और लिखित भाषा की विशेषताएँ बताइए । *10*

3. आख्यानपरक लेखन से क्या अभिप्राय है ? इसे स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *10*

4. साक्षात्कार के विविध रूपों का परिचय दीजिए । *10*

5. 'एकलव्य के नोट्स' के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए । *10*

खण्ड ख

*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 – 150 शब्दों में दीजिए :*

6. अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को अवकाश हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए । *5*

7. यात्रा-वृत्तांत की विशेषताएँ बताइए । *5*

8. अपने गाँव या मुहल्ले की सड़क की स्थिति पर संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कीजिए । *5*

9. दृश्य माध्यमों की भाषा की प्रमुख विशेषताएँ बताइए । *5*

10. सार-लेखन का अर्थ स्पष्ट कीजिए । *5*

11. अपने मित्र की सफलता पर बधाई देते हुए उसे एक पत्र लिखिए । *5*

खण्ड ग

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 – 50 शब्दों में दीजिए : *5×2=10*

(क) संवादों के वर्गीकरण के दो आधार बताइए ।

(ख) वर्णनात्मक लेखन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ग) समाचार-लेखन का उद्देश्य बताइए ।

(घ) जीवनी और आत्मकथा में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) आंगिक सम्प्रेषण किसे कहते हैं, स्पष्ट कीजिए ।

13. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए : *5×1=5*

(क) निराला के प्रिय थे

(अ) तुलसीदास

(ब) कबीरदास

(स) बिहारी

(द) घनानंद

(ख) पाठ्यक्रम में संकलित मुक्तिबोध की रचना की विधा है

(अ) डायरी

(ब) संस्मरण

(स) पत्र

(द) यात्रा-वृत्तांत

(ग) पाठ्यक्रम में सम्मिलित राहुल सांकृत्यायन की रचना में वर्णन है

(अ) रूस का

(ब) ब्रिटेन का

(स) तिब्बत का

(द) जर्मनी का

(घ) 'रिपोर्ताज' शब्द को किस भाषा से हिन्दी में ग्रहण किया गया है ?

(अ) अंग्रेज़ी

(ब) फ्रेंच

(स) तमिल

(द) बांग्ला

(ङ) पिता को लिखा गया पत्र होता है

(अ) औपचारिक

(ब) अनौपचारिक

(स) सरकारी

(द) अर्ध-सरकारी